भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 2126

दिनांक 31.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

कटनी में पासपोर्ट सेवा केंद्र और डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र

2126. श्री **विष्णु दत्त शर्माः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कटनी और आस–पास के जिलों में पासपोर्ट सेवाओं तक पहुँच में सुधार करने के लिए पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) या डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) स्थापित करने का प्रस्ताव/विचार कर रही है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ख) छात्रों, व्यापारियों, पेशेवरों, कामगारों और विदेश में रोजगार के इच्छुक उम्मीदवारों की बढ़ती मांग के बावजूद कटनी में पीएसके या पीओपीएसके की स्थापना न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या कटनी में ऐसी सुविधा स्थापित करने के लिए कोई समय–बद्ध योजना तैयार की गई है; और

(घ) कटनी और पड़ोसी जिलों के पासपोर्ट आवेदकों के सामने आने वाली यात्रा दूरी, प्रतीक्षा समय और असुविधा को कम करने के लिए कौन से अंतरिम उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

विदेश राज्यमंत्री

(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ) पासपोर्ट कार्यालयों (पी.ओ.)/पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पी.एस.के.)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पी.ओ.पी.एस.के.) को खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जो वर्तमान पी.एस.के./पी.ओ.पी.एस.के. की विस्तार क्षमता, मौजूदा पी.ओ./पी.एस.के./पी.ओ.पी.एस.के. से दूरी तथा किसी विशेष क्षेत्र से पासपोर्ट आवेदनों की बढ़ती मांग/संख्या सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है। विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग (डी.ओ.पी.) के सहयोग से पासपोर्ट सेवाओं का विस्तार करने के लिए जनवरी 2017 में देश के मुख्य डाकघरों (एच.पी.ओ.)/डाकघरों (पी.ओ.) में सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया था, जिन्हें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पी.ओ.पी.एस.के.) कहा जाता है। वर्तमान में, मध्य प्रदेश राज्य में पासपोर्ट संबंधी सेवाओं को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आर.पी.ओ.) भोपाल के अंतर्गत 2 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पी.एस.के.) और 25 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पी.ओ.पी.एस.के.) कार्यरत हैं।

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पूरा पन्ना जिला, छतरपुर तथा कटनी जिलों के कुछ हिस्से आते है। पी.ओ.पी.एस.के. छतरपुर और पी.ओ.पी.एस.के. शहडोल कटनी शहर के नागरिकों की पासपोर्ट आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, जहाँ अगले कार्य दिवस पर अपॉइंटमेंट (समय) उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र के नागरिकों की पासपोर्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए कटनी शहर के नजदीकी

जिलों में पी.ओ.पी.एस.के. जबलपुर और पी.ओ.पी.एस.के. दमोह भी कार्यरत हैं। इसके अलावा, जून 2018 में, मंत्रालय ने 'अप्ना ई एनीवेयर इन इंडिया' योजना शुरू की, जिसके तहत भारत के किसी भी पी.एस.के./पी.ओ.पी.एस.के. में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही, विदेश मंत्रालय ग्रामीण, जनजातीय, दूरस्थ और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में ऑन–साइट (स्थानीय) पासपोर्ट प्रसंस्करण के लिए मध्य प्रदेश राज्य के आर.पी.ओ. सहित संबंधित आर.पी.ओ. के तहत पासपोर्ट मोबाइल वैन तैनात करता है।

वर्तमान में, मध्य प्रदेश के कटनी शहर में पी.एस.के. या पी.ओ.पी.एस.के. स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विदेश मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****